भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6238

जिसका उत्तर 02.04.2026 को दिया जाना है

माही नदी पर पुल का निर्माण

6238. श्री राजकुमार रोत:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश राज्यों में माही नदी पर विद्यमान पुलों की संख्या कितनी है और निर्माण किए जाने के लिए प्रस्तावित पुलों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त पुलों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या डूंगरपुर जिले, संतरामपुर, पंचमहल और दाहोद क्षेत्रों में माही नदी पर पुल न होने के कारण निवासियों को 80-90 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है;

(घ) यदि हां, तो स्थानीय आबादी के समक्ष आ रही इस संभारतंत्र संबंधी समस्या को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ङ) क्या सरकार का डूंगरपुर-बांसवाड़ा जिलों और गुजरात के संतरामपुर के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए एक पुल का निर्माण करने का विचार है, और यदि हां, तो इसके कब तक पूरा होने की अपेक्षा है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) क्या बांसवाड़ा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में गलियाकोट और आनंदपुरी के बीच हैंगिंग ब्रिज का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन इसे अभी तक जनता के लिए नहीं खोला गया है और यदि हां, तो इसे जनता के लिए कब तक खोले जाने की अपेक्षा है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास से संबंधित है। राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश राज्यों में माही नदी को पार करने वाले विभिन्न एनएच पर कुल 11 पुल हैं। राजस्थान में दो पुलों को छोड़कर, ये सभी पुल अच्छी स्थिति में हैं। राजस्थान में इन दो जर्जर पुलों के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव है। इसके अलावा, गुजरात राज्य में एनएच-64 पर कंकापुरा (आनंद जिला) को करेली (भरूच जिला) से जोड़ने के लिए एक नए बड़े पुल के निर्माण का प्रस्ताव है।

(ग) से (च) डूंगरपुर जिले के क्षेत्र को संतरामपुर, पंचमहल और दाहोद से जोड़ने वाली सड़कें; डूंगरपुर -बांसवाड़ा जिले और संतरामपुर के साथ-साथ बांसवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में गलियाकोट और आनंदपुरी के बीच हैंगिंग ब्रिज राज्यीय राजमार्ग हैं, जिनके विकास और रखरखाव की जिम्मेदारी राजस्थान और गुजरात की संबंधित राज्य सरकार की है। इसके अलावा, एनएच-927ए के डूंगरपुर - बांसवाड़ा खंड में माही नदी पर किमी 226 / 045 पर बड़े पुल का निर्माण पहले ही किया जा चुका है।

*****